साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**







### जहर पीने से युवक की दर्दनाक मौत

**गोंदिया**–गंगाझरी थाने के तहत मजीतपुर निवासी महेशकुमार विकास नेताम (38) ने जहर पी लिया. उसे केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. फिर्यादी डॉ. हर्षित गर्ग की शिकायत पर गंगाझरी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

## अतिक्रमण से मुक्त हो पाएगा गोंदिया? 3 जून से चलने वाला बुलडोजर नहीं चला
## नगर परिषद प्रशासन की चेतावनी पर लगे सवालिया निशान

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के अस्थाई अतिक्रमण पर 3 जून से नगर परिषद द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई जिससे नगर परिषद के अतिक्रमण की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। नागरिकों द्वारा नगर परिषद की इस कार्य प्रणाली पर प्रश्न निर्माण किया जा रहे हैं। चुनावी आदर्श आचार संहिता के नाम पर कार्रवाई शुरू नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है।




गौरतलब है की गोंदिया शहर के संपूर्ण क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण बड़े पैमाने पर कर संपूर्ण शहर को अतिक्रमणकारियो के शहर के रूप में पहचान निर्माण की है जिस पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिनों पूर्व नोटिस देकर 3 जून से अतिक्रमण पर कार्रवाई करने की कड़ी चेतावनी देते हुए बुलडोजर चलाने का कड़ा संदेश दिया था ,लेकिन 3 जून को जब संपूर्ण शहर में अतिक्रमण की कार्रवाई के लिए नगर परिषद के दल का इंतजार किया जा रहा था तो नगर परिषद का दल करवाई के लिए कार्यालय से निकला ही नहीं था। इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने पर मुख्या धिकारी व नगर परिषद के अभियंता द्वारा जानकारी दी गई थी आदर्श चुनावी आचार संहिता के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा बंदोबस्त उपलब्ध नहीं करवाया गया इस कारण अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकी।

विधान परिषद चुनाव से आम नागरिकों का प्रत्यक्ष संबंध नहीं वर्तमान में विधान परिषद के चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू की गई है उपरोक्त चुनाव से नागरिकों का प्रत्यक्ष चुनावी वास्ता नहीं है जिससे आदर्श आचार संहिता नागरिकों के कार्यों पर लागू नहीं होती लेकिन कार्यवाही नहीं करने हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने की आड़ लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की नहीं की गई। जिससे नागरिकों द्वारा नगर परिषद की चेतावनी देने के पश्चात कार्रवाई शुरू नहीं करने व आदर्श आचार संहिता के चलते पुलिस बंदोबस्त नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई शुरू नहीं करने पर प्रश्न चिन्ह निर्माण किया जा रहा है ।

अतिक्रमण मुक्त क्या हो पाएगा गोंदिया जब भी नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण या अन्य कोई शहर के हितों की कार्रवाई की जाती तो शहर की गंदी राजनीति के चलते इन पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई प्रशासन द्वारा नहीं की जाती जिसके चलते नागरिकों द्वारा प्रशासन से प्रश्न किया जा रहा है कि क्या गोंदिया शहर अतिक्रमण से मुक्त हो पाएगा या फिर वही स्थिति बरकरार रहते भविष्य में और अधिक अतिक्रमण की पीड़ा को झेलना होगा।

अनेक वर्षों से नहीं हुई कार्रवाई गोंदिया शहर में राजनीति में एक दूसरे पक्ष को नीचा दिखाने वह खुद श्रेय लेने के चलते अनेक वर्षों से शहर में अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हो पाई जिससे शहर के प्रमुख मार्गो को अतिक्रमण के राक्षस द्वारा निगल लिया गया है।

## खाद्य व औषधि प्रशासन की कार्रवाई
## अवैध व संदिग्ध सोयाबीन तेल का बड़ा जखीरा जब्त



**गोंदिया**–खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त तुकाराम मुंढे के निर्देशानुसार राज्य में मिलावटी, घटिया व अमानक खाद्य विक्रेताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. उसी के एक भाग के रूप में, खाद्य व औषधि प्रशासन, गोंदिया की खाद्य सुरक्षा टीम ने 1 जून को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की. गोदिया शहर के नप क्षेत्र में संचालित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान श्री गुरुनानक चिरौंजी भंडार का खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अचानक व गहनता से निरीक्षण किया गया. उक्त निरीक्षण कार्यवाही प्रतिष्ठान के मालिक किशोर कन्हैयालाल नागदेव (42) की उपस्थिति में की गई. निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को गंभीर व अनियमित मामले मिले. टीम को सख्त संदेह है कि बाजार में बिक्री के लिए भंडारित कुबेर ब्रांड का रिफाइंड सोयाबीन तेल बेहद घटिया और खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है. टीम को संदेह है कि उक्त तेल की रिपैकेजिंग के लिए पुराने और दूषित टिन डिब्बों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है. ऐसे पुराने डिब्बों के पुनर्चक्रण से खाद्य तेल में मौजूद अन्य जहरीले पदार्थों के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया का खतरा होता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है.

### अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी

इन गंभीर मामलों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा टीम ने ग्राहकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 688.4 किलोग्राम रिफाइंड सोयाबीन तेल का स्टॉक मौके पर ही जब्त कर लिया. जब्त किए गए माल की कुल बाजार कीमत 1,37,680 रु. है. जब्त किए गए सोयाबीन तेल के आधिकारिक खाद्य नमूने कानून के अनुसार एकत्र किए गए हैं और आगे के रासायनिक विश्लेषण और प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं. अंतिम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

### खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता पर संदेह होने पर शिकायत करें

नागरिकों को बाजार में बिकने वाले किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता या शुद्धता के बारे में संदेह होने पर या मिलावट की जानकारी मिलने पर तुरंत खाद्य व औषधि प्रशासन से संपर्क करना चाहिए. खाद्य व औषधि प्रशासन आयुक्त तुकाराम मुंढे ने नागरिकों से अपील की है कि वे शिकायत में अपना नाम और पता, संपर्क नंबर, मिलावट वाले स्थान या प्रतिष्ठान का सटीक पता और किस खाद्य पदार्थ में मिलावट है, इसकी विशेष जानकारी का उल्लेख करें.

## पत्थर से प्रहार कर किया घायल

**गोंदिया**–शहर थाने के तहतगोरेलाल चौक के एस. कुमार कपड़ा दुकान के आगे गणेशनगर निवासी फिर्यादी भानू अजय अग्रवाल (35) अपने मित्रों के साथ खड़ा था. इसी दौरान आरोपी मोटरसाइकिल चालक अपने दो मित्रों के साथ ट्रिपल सीट बैठकर वहां आया व फिर्यादी, उसके मित्रों को देखकर तुम रात में यहां बैठकर क्या करते हों, ऐसा कहा. वहीं आरोपियों ने साठगांठ कर फिर्यादी व उसके मित्रों के साथ धक्का–मुक्की कर गालीगलौज की तथा आदित्य अग्रवाल को थप्पड़ जड़ दी. वहीं एक आरोपी ने फिर्यादी के सिर पर पत्थर से मार दिया.

## खड़े ट्रक को स्कूटी की टक्कर से युवक घायल

**गोंदिया**–अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांवबांध–कोहमारा मार्ग पर बिना पार्किंग लाइट चालू किए गए खड़े ट्रक को स्कूटी चालक ने टक्कर मार दी. जिसमें बोंडे/खोली निवासी अक्षय शालिकराम लंजे (25) घायल हो गया. नवेगांवबांध से कोहमारा की ओर जाने वाले मार्ग पर ट्रक क्र. एमपी 09 - एचएच 7078 के चालक ने बिना पार्किंग लाइट शुरू किए व ट्रक को रिफ्लेक्टर लगाए बिना खड़ा कर दिया. इसी बीच स्कूटी क्र. एमएच 35 -एबी 1224 के चालक को ट्रक दिखाई नहीं देने से उसने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. जिसमें अक्षय लंजे घायल हो गया. फिर्यादी प्रदीप नरेश रनदिवे (37) की शिकायत पर नवेगांवबांध पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## बड़ी पहलः डॉ. नोव्हिल ब्राह्मणकर, निलेश चुटे लाए निःशुल्क सर्जरी शिविर

### 6 से 8 जून 2026 तक हर्निया व हाइड्रोसील के मुफ्त ऑपरेशन, विशेषज्ञों द्वारा जांच व मार्गदर्शन भी उपलब्ध



**बुलंद गोंदिया**–पुरुषों में होने वाली सामान्य लेकिन अक्सर नजरअंदाज की जाने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुरुष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष नि:शुल्क हर्निया एवं हाइड्रोसील ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कुणबी हेल्थ एजुकेशन फाउंडेशन और ब्राह्मणकर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। यह शिविर 6 जुन से 8 जून 2026 तक ब्राह्मणकर हॉस्पिटल परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुरुषों में हर्निया, प्रोस्टेट और हाइड्रोसील जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही चयनित मरीजों के लिए नि:शुल्क ऑपरेशन भी किए जाएंगे। अस्पताल में आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत पुरुष स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा, ताकि लोग समय रहते इन बीमारियों के लक्षण पहचान सकें और उचित इलाज करवा सकें। शिविर के लिए पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति श्री निलेश चुटे (सचिव, खेड़ फाउंडेशन) से संपर्क कर सकते हैं। वहीं, शिविर का नेतृत्व प्रसिद्ध सर्जन डॉ नोव्हील ब्राह्मणकर द्वारा किया जाएगा, जो लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी के विशेषज्ञ हैं। खेड़ फाउंडेशन के सदस्य सुनील तारोणे, संदीप ब्राह्मणकर,चंद्रकुमार बहेकार,नीलकंठ बहेकार,सुरेंद्र वड़ाई,कमलेश चुटे,चंद्रकुमार चुटे,नामदेव राहीले,डॉ मौसमी ब्राह्मणकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने व यह पहल समाज में पुरुष स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## गोंदिया में आग का तांडव-बारदाना ,सेनेटरी सामान का गोदाम 2 कार व विद्युत ट्रांसफार्मर जलकर खाक भारी नुकसान







**बुलंद गोंदिया।** जिले में भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते आग लगने की घटना में भी भारी बढ़ोतरी होती दिखाई दे रही है। गोंदिया शहर में ही 12 घंटे में तीन अलग–अलग स्थानो पर घटित हुई आग की घटनाओं में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जिसमें बारदाना, सेनेटरी गोदाम दो कार वह विद्युत ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गये।

गौरतलब है की भीषण गर्मी के चलते वैसे तो हम हर वर्ष आग लगने की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी होती है किंतु इस वर्ष गर्मी का प्रकोप काफी बढ़ जाने से आग की घटनाओं में भी काफी इजाफा होता दिखाई दे रहा है। गत सप्ताह ही गोंदिया शहर के फूलचूर में एक बारदाना गोदाम में भीषण आग लगी थी जिसकी आग अब तक ठंडी नहीं हुई है वहीं दूसरी ओर गोंदिया शहर में 12 घंटे में तीन अलग–अलग आग लगने की घटनाओं में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।1 से 2 जून की रात पहली घटना 2 बजे के दौरान साई मंदिर गोविंदपुर में घटित हुई जहां मंदिर के सामने ही स्थित एक विद्युत ट्रांसफर में भीषण आग लगी थी जिसे परिसर के नागरिको ने रेत डालकर भुजाय। वहीं दूसरी घटना वाजपेई ड्राइविंग स्कूल के पीछे पुराना आबकारी कार्यालय परिसर में 12 से 15 वाहन रखे हुये थे जिसमें से दो कार जलकर पूरी तरह खाक हो गई, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा रात में वहां पर बीड़ी या सिगरेट जलाया होगा तथा जलती माचिस की तीली छोड़ दिया था जिसे आग धीरे–धीरे विकराल हो गई तथा रात 3 से 3-30 बजे के दौरान यह मामला सामने आया इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई।

वहीं तीसरी बड़ी घटना गोविंदपुर परिसर में ही घटित हुई है जहां संजय नगर गोविंदपुर परिसर स्थित मित्तल ट्रेडर्स के सेनेटरी गोदाम व नरेश चंद्र पहलाद अग्रवाल केबारदान गोदाम में सुबह 10-30 से 11-00 बजे के बीच अचानक आग लगने की घटना घटित हुई। विशेष यह की दोनों गोदाम आसपास में होते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था पहले गोदाम में भारी संख्या में प्लास्टिक का बारदाना रखा हुआ था तथा वहीं दूसरे गोदाम में जो देर शाम तक चलता रहा। 6 दमकल वाहन 20 से अधिक टैंकर पानी गोविंदपुर संजय नगर स्थित गोदाम की आग इतनी विकराल थी की गोंदिया अग्निशमन विभाग के फायर टेंडर वह तिरोडा अदानी पावर प्लांट का एक दमकल वाहन वह गोरेगांव नगर पंचायत का एक दमकल वाहन इस प्रकार 6 दमकल वाहनो द्वारा 20 से अधिक पानी के टैंकर भरकर आग बुझाने का कार्य किया गया जो समाचार लिखे जाने तक शुरू था।

## नकली पुलिस बनकर उड़ाए आभूषण, तलाश जारी

**भंडारा**–वरठी थाना क्षेत्र के पाहुनी श्मशान घाट के पास दो अज्ञात ठगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक सेल्समैन से 68 हजार रुपये मूल्य के सोने के आभूषण ठग लिए. घटना के बाद वरठी पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, नागपुर जिले की मौदा तहसील के रेवराल निवासी देवराव राजेराम श्रावणकर (50) एक निजी कंपनी में सेल्समैन हैं. मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह अपने काम से निकले थे. पाहुनी श्मशान घाट के पास मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए फर्जी पहचान पत्र दिखाया. आरोपियों पियों ने ने देवराव को बताया कि आगे हत्या की घटना हुई है और पुलिस जांच चल रही है. सुरक्षा के नाम पर उन्होंने देवराव से गले की सोने की चैन और अंगूठी निकालकर सुरक्षित रखने को कहा. जैसे ही देवराव आभूषण बैग में रखने लगे, ठगों ने बातों में उलझाकर असली आभूषण निकाल लिए और उनकी जगह कागज में लिपटी नकली चैन व अंगूठी थमा दी. कुछ देर बाद ठगी का पता चलने पर देवराव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. ठगे गए आभूषणों की कुल कीमत 68 हजार रुपये बताई गई है.

## महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज



**भंडारा**–आमगांव (आदर्श) क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद के दौरान महिला और उसके बेटे पर बेरहमी से हमला किया गया. बेटे शुभम सिंगनाथ की ओर से पिता से थप्पड़ मारने का कारण पूछने पर विवाद भड़क उठा. इसके बाद आरोपी मारोती सिंगनाथ ने तीन अन्य सहयोगियों को बुलाकर शुभम पर लाठियों से हमला किया. बीच–बचाव करने पहुंची शुभम की मां के बाल खींचकर मारपीट की गई, जबकि मुख्य आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. पवनी पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है

## शराब तस्करों पर पुलिस का प्रहार

**भंडारा**–जिला पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए साकोली, लाखनी और पालांदुर थाना क्षेत्रों में तीन अलग–अलग कार्रवाइयों को अंजाम दिया. इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बुजुर्ग महिला सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में देसी शराब की खेप के साथ गिरफ्तार किया है. साकोली पुलिस ने कुंभली क्षेत्र में छापेमारी कर विलास प्रकाश इंगले (41) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से टाइगर ब्रांड देसी शराब की 12 सीलबंद बोतलें बरामद की गईं. दूसरी कार्रवाई में लाखनी पुलिस ने गराड़ा में एक मजदूर के घर पर दबिश दी

## संपादकिय...

### यह शिमला की आफत है

शिमला तेरे बाजुओं में कितना सुकून बचा, हम चल के बताएं या तेरे जख्म देखें। वकील सडक़ पर हों, तो अदालत न्याय कैसे देगी और कानून व्यवस्था सडक़ पर हो, तो शिकायत किससे करें। सोमवार के दिन हाई कोर्ट परिसर सडक़ पर बिफर गया, तो आवाजाही का तकाजा कांटों से भर गया। प्रदेश को अंदाजा ही नहीं कि हाई कोर्ट में कितने वकील हर दिन अपनी हाजिरी का सुकून सडक़ पर हारते हैं या मारामारी के आलम में पार्किंग में अपने वाहन की वजह ढूंढते हैं। पार्किंग की गुंजाइश में यह बावेला सरकार बनाम वकील नहीं होना चाहिए था, लेकिन शिल्ली चौक-छोटा शिमला की प्रतिबंधित सडक़ पर आकर सारा माहौल कुर्बान हो गया। दोनों पक्ष अपनी कर्त्तव्यपरायणता के परिचय में ड्यूटी का अमृत्व पीना चाहते हैं, लेकिन असंतुलित राजधानी का कवच टूट गया। पुलिस को प्रतिबंधित जमीन पर पार्क हुए वाहन हटाने थे, लेकिन इस बार वकील समुदाय ने विकल्प पूछ लिया या यह बता दिया कि यह आम नागरिक का भी हक है कि शिमला की बाहों में अपना अधिकार-अपनी सुविधा पूछे। जाहिर है एक ही शहर में दो मानदंड नहीं हो सकते। एक से परमिट पूछा जाए और दूसरा सरे राह गुजर जाए। यह शिमला की आफत है कि यहां वीआईपी होना एक शौक है या विशेषाधिकार प्राप्त लोगों की जमात हर क्षण आम नागरिक को छोटा दिखाती है। वकीलों की जरूरत और जिद्द में फर्क ढूंढा जा सकता है। जरूरत यह कि हाई कोर्ट परिसर में पैरवी के सबूत जब कारगर होंगे, तो वकील मशगूल होंगे। अब शिमला का आचरण बदला और बदल गई है दिनचर्या की गति। अब अगर वीआईपी फुर्सत में हों, तो वाहनों की आजमाइश में माल रोड भी सिसक उठेगा। आखिरकार शिमला के वकील हैं तो शहर के ही पैरोकार। ये सफल हैं तो गाडिय़ां भर-भर के अदालतों के बाहर तक आएंगी। सरकार को केवल यह करना है कि वकीलों के वाहनों को चैन से ठहरने की जगह दे दी जाए। इसके लिए प्रतिबंधित मार्गों के विकल्प चाहिएं और यह दिक्कत जिला स्तर के अदालती परिसरों में भी है। विडंबना यह भी है कि अदालतों को खुदा मानने वाले फरियादियों के पक्ष में कोई नहीं सोचता। हर अदालत परिसर में वकील और जज साहेबान महानुभाव हैं, लेकिन जो कानून की शरण में आते हैं, उनकी सुविधाओं की वकालत कभी नहीं होती। अगर हाई कोर्ट की अपीलों, सुनवाई चक्रों और कानूनी राहत की उम्मीदों से आए फरियादियों की गाडिय़ों को भी पनाह देनी हो, तो सारा माहौल ही अव्यवस्थित हो जाएगा। अदालत परिसरों को भीड़ या शहरों के भीतर रखने के बजाय बाहर ले जाना होगा। पिछले चालीस सालों से हाई कोर्ट की स्थायी बेंच की मांग धर्मशाला के लिए हो रही है। अगर यह मांग पूरी हो जाए तो बहुत सारे मामले और पैरवी करते वकील भी छंट जाएंगे। इतना ही नहीं शिमला को अपने पुराने नूर में बरकरार रखने के लिए समीपवर्ती वाकनाघाट में एक प्रशासनिक-कर्मचारी शहर के रूप में विकसित करना चाहिए ताकि बड़े कार्यालय, अदालतें तथा सरकारी आवास वहां स्थानांतरित किए जा सकें। यहां मसला वकील बनाम सरकार नहीं है, बल्कि शहरी विकास की जरूरतों व सुविधाओं का है। हम पहले भी कहते रहे हैं कि शिमला और आसपास के क्षेत्रों को 'स्टेट कैपिटल रीजन' के तहत विकसित करने की जरूरत है।

# निधि मिली, पर नहीं दे रहे पेंशन
## पहली तारीख को पेंशन देने का नियम



**गोंदिया**-सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व अधिकारियों को हर माह की पहली तारीख को पेंशन देने का शासन आदेश है फिर भी गोंदिया जिले में हर माह की पहली तारीख को पेंशन नहीं दी जा रही है. ऐसे में सेवानिवृत्तों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है. समय पर पेंशन न मिलने से नाराज सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और अधिकारियों ने आंदोलन की भूमिका अपनाने का निर्णय लिया है. इसे लेकर संगठन के जिलाध्यक्ष एल.यू. खोब्रागड़े सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तानाजी लोखंडे व उपमुख्य कार्यपालन ज्ञापन सौंपा है. चेतावनी दी गई है कि यदि 5 जून के पहले पेंशन अदा नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा.

### ऑनलाइन प्रक्रिया में खराबी

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन अदा करने के लिए शासन स्तर से 21 मई 2026 को जिलास्तर पर निधि दी गई है. इसके बावजूद किसी भी पंचायत समिति को पेंशन नहीं दी गई है. पेंशन की राशि वितरित करने में टालमटौल करनेवालों पर कार्रवाई कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न्याय दिया जाए. मामले की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्य कार्यपालन अधिकारी कुतिरकर ने लेखा कोषागार के संबंधित अधिकारी से संपर्क किया. सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने कोषागार अधिकारी शेगांवकर से भेंट कर पेंशन जल्द से जल्द अदा करने की मांग की. इस बीच उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया में खराबी आने से पेंशन वितरण के कार्य में बाधा निर्माण हुई है. उन्होंने पेंशन बिल को लेखा व वित्त विभाग को भेजने का आश्वासन दिया. सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 5 जून के पहले पेंशन अदा नहीं की गई तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा. प्रतिनिधि मंडल में संगठन के जिलाध्यक्ष एल. यू. खोब्रागडे, कोषाध्यक्ष डी. एल. गुप्ता, तहसील अध्यक्ष डी. एम. दखने, महिला प्रतिनिधि मनू उके, रेखा बोरकर, विद्या अवधुत, नरेंद्र कारंजेकर, जी. बी. बोपचे, माहुरे आदि का समावेश था.

# मरणोपरांत किया समीधा पटेल के नेत्रों का दान



**गोंदिया**-समीधाबेन अतुलभाई पटेल के मरणोपरांत नेत्रदान के माध्यम से अब दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश पहुंच सकेगा. हवन या यज्ञ में लगने वाली पवित्र लकड़ी को समीधा कहा जाता है. अपने नाम को चरितार्थ करते हुए समीधाबेन पटेल की मृत्यु के उपरांत उनके पति अतुल के साथ से मिले परोपकार के अनुभव, बेटे रोहन, बेटी निकिता और नम्रता को दिए हुए संस्कार ने आज समाज के अंधत्व को खत्म करने कि दिशा में और दो कदम आगे बढ़ाए. गुजराती समाज के चिरागभाई पटेल की समझ और नेत्रमित्र आदेश शर्मा के संकल्प ने आज के इस कार्य को पूरा किया. नेत्रदान जैसे महान कार्य में गुजराती समाज में नेत्रदान के प्रति जो जागरूकता दिखाई जा रही है वह प्रेरणादायी है. समीधा पटेल के परिजनों ने समय रहते नेत्रदान के लिए निर्णय लिया, अब अगले एक सप्ताह में दो लोगों के अंधत्व को खत्म करके उनके जीवन को रोशन करेगा, जो हमेशा नेत्रदाता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता रहेगा

# 1.78 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी
## बैंक ने खाता लॉक अज्ञात पर मामला दर्ज



**गोंदिया**-न कोई लिंक खुला, न कोई ओटीपी शेयर किया गया, न ही कोई यूपीआई पिन डाला गया, फिर भी एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है कि यहां एक युवक के बैंक खाते से 1 लाख 78 हजार 332 रु. की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर ली गई. इस मामले में ग्रामीण पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. ग्राम गोंडीटोला-घिवारी निवासी कैलास रूपलाल फरकुंडे (34) यहां एक मेडिकल स्टोर में काम करता है. उसका बैंक ऑफ इंडिया (पांढ़राबोड़ी शाखा) में एक बचत खाता है. जिसके माध्यम से वह नियमित रूप से वित्तीय लेनदेन करता है. 19 मई की दोपहर जब उसने गूगल-पे के जरिए अपने खाते का बैलेंस चेक किया तो देखा कि खाते में पैसे कम हो गए हैं. इन लेनदेन के संबंध में कैलास को कोई संदिग्ध फोन, ओटीपी या लिंक प्राप्त नहीं हुआ. शिकायत में कहा गया है कि उसने किसी को यूपीआई पिन या बैंकिंग जानकारी नहीं दी. उसने दावा किया कि ट्रांजैक्शन के बाद भी उसे बैंक से कोई अलर्ट मैसेज नहीं मिला. यह देखकर कैलास तुरंत बैंक पहुंचा और बैंक ने खाता लॉक करने की प्रक्रिया की. इसके बाद उसने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराकर जिला पुलिस अधीक्षक के साइबर सेल से संपर्क किया. इस मामले में ग्रामीण पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

### 2 ट्रांजैक्शन से पैसे ट्रॉसफर

जब कैलाश ने ट्रांजैक्शन डिटेल चेक की तो पता चला कि 18 मई को दोपहर 1.18 बजे उसके खाते से 84,999 रु. यूपीआई अकाउंट में ट्रांसफर किए गए थे. फिर अगले ही दिन यानी 19 मई को दोपहर 1.32 बजे 93 हजार 333 रु. की एक और रकम दूसरी यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर होने का पता चला. इस तरह दो ट्रांजेक्शन से कुल 1 लाख 78 हजार 332 रु अज्ञात लोगों ने ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए.

# फुलचूर में गहराया जलसंकट, टैंकर से की जा रही जलापूर्ति



गोंदिया-फिलहाल गर्मी का मौसम होने के कारण जिले के अनेक क्षेत्रों में जलसंकट गहरा गया है। जलसंकट का सामना इंसान ही नहीं, बल्कि वन्यजीव भी कर है। यही कारण है कि आए दिन शहर में वन्यजीव पानी और भोजन की तलाश में आ रहे हैं। ऐसी ही जलसंकट की समस्या शहर से सटे ग्राम फुलचूर के वार्ड नंबर 4 में देखने मिल रही है। यहां जलसंकट गहरा गया है। नागरिक पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए नागरिकों को टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। जून के पहले पखवाड़े में बारिश नहीं हुई तो जिले में जलसंकट और पशुओं के लिए पानी की समस्या बढ़ सकती है।

जिले में पिछले साल मानसून के दौरान औसत से ज्यादा बारिश हुई थी। इसके चलते जिले के सभी बांधों में भरपूर पानी का संग्रह हुआ था। रबी की फसलों की सिंचाई के लिए अलग-अलग प्रकल्पों से पानी छोड़ा गया था। फिलहाल बढ़ते तापमान के कारण पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में जानवरों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

# शराब के नशे में वाहन दौड़ा रहे 2 चालक को किया गिरफ्तार
## सिरपुर जांच नाके पर की दिन-रात नाकाबंदी



**गोंदिया**-जिले में 2 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई कर मामला दर्ज किया है. जिसमें पहली कार्रवाई देवरी-चिचगड़ मार्ग में की गई. इस कार्रवाई में देवरी पुलिस ने परसटोला टी पाईंट में दिलेश चिंगार को शराब के नशे में ट्रैक्टर चलाते हुए पकड़ा. ऐसी ही दूसरी कार्रवाई चिचगड़ थाने के तहत मोतीनगर टी-पाइंट में की गई. तिगांव निवासी रवींद्र कोरे को शराब के नशे में मोटरसाइकिल क्र. एमएच 01 बीके 7338 को चलाते हुए पकड़ा. शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नियंत्रण रखने के लिए गोंदिया-डुग्गीपार हाईवे पुलिस ने जिले की सीमा के पास देवरी स्थित सिरपुर सीमा जांच नाके पर विशेष बंदोबस्त तैनात किया है. विशेष अभियान में दिन रात नाकाबंदी कर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है. शराब पीकर वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण राष्ट्रीय हाईवे क्र. 6 पर जिले की सीमा क्षेत्र में हादसों का खतरा बढ़ गया था.

### पुलिस ने वाहनों को किया जब्त

इस अभियान के दौरान कई चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं. कुछ वाहनों को जब्त किया गया हैं, और कई चालकों के लाइसेंस निलंबन के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भेजे गए हैं. हाईवे पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि शराब पीने के बाद वाहन न चलाएं

# 6 माह से संविदा कर्मियों का वेतन से वंचित, जिप के सामने आंदोलन
## जिप जलापूर्ति विभाग का कामकाम ठप



**गोंदिया**-जलापूर्ति व स्वच्छता विभाग के संविदा कर्मचारियों को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है. इसलिए बकाया भुगतान की मांग को लेकर 1 जून से कामबंद आंदोलन शुरू किया गया. इस आंदोलन में जलापूर्ति व स्वच्छता विभाग के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया. मांगों का ज्ञापन जिप सीईओ को सौंपा गया. इस आंदोलन के कारण जिप के जलापूर्ति व स्वच्छता विभाग का कामकाज ठप हो गया है. राज्य में पंचायत समिति के अधीन जल व स्वच्छता विभाग में कार्यरत गट समन्वयक व समूह समन्वयक कई वर्षों से ईमानदारी से सेवा दे रहे हैं. लेकिन, दिसंबर 2025 से अब तक करीब छह महीने का वेतन नहीं मिला है. इससे कर्मचारियों पर आर्थिक संकट आ गया है कर्मचारियों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि घरेलू खर्च, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा खर्च और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है. इससे पहले वरिष्ठ अधिकारियों से बार-बार मौखिक और लिखित शिकायत करने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिला. संगठन ने आरोप लगाया है कि वास्तव में कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इस दौरान चेतावनी दी गई थी कि पूरा लंबित वेतन तत्काल कर्मचारियों के बैंक खाते में जमा किया जाए, वेतन का मुद्दा स्थायी रूप से हल किया जाए 3 चरणों में किया जाएगा आंदोलन 30 तारीख के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं होने पर कर्मचारियों ने 1 जून से आंदोलन का आह्वान किया था. जिसके तहत जलापूर्ति व स्वच्छता विभाग के संविदा कर्मचारियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है. इस आंदोलन से जल व स्वच्छता विभाग का कामकाज ठप हो गया है. आंदोलन के पहले चरण में 1 से 5 जून तक जिप कार्यालय के समक्ष आंदोलन किया जाएगा. 8 जून को जलापूर्ति व स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटिल के आवास के सामने आंदोलन करेंगे और उसके बाद तीसरे चरण में मांगें नहीं माने जाने तक राज्यव्यापी कामबंद आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है.

# निर्धारित ओवरहॉलिंग कार्य के चलते लिया निर्णय
## बाम्हनी फाटक अस्थायी बंद



**गोंदिया**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत धानोली-आमगांव रेलखंड पर स्थित समपार फाटक क्र. 493 (बाम्हनी गेट) को निर्धारित ओवरहॉलिंग कार्य के लिए अस्थायी रूप से सड़क यातायात के लिए बंद रखा जाएगा. रेल पथ के अनुरक्षण व सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बी.सी.एम. मशीन द्वारा समपार फाटक पर निर्धारित ओवरहॉलिंग कार्य किया जाना है. जिससे समपार फाटक क्र. 493, किलोमीटर 974/8-10 (डाउन लाइन) पर सभी प्रकार के सड़क यातायात का आवागमन 4, 5, 8 व 11 जून को दोपहर 12 से रात्रि 10 बजे तक बंद रहेगा. इस अवधि में सड़क यातायात को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निकटवर्ती रेल रोड ओवर ब्रिज व समपार फाटक क्र. 496 (कुम्हारटोली गेट), किलोमीटर 977/28-30 से डायवर्ट किया जाएगा. रेल प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों व वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें तथा रेलवे अधिकारियों व यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें. यह कार्य यात्रियों व रेल संचालन की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है.

# पुलिस दल व स्वास्थ्य विभाग का प्रयास
## 91 पुलिसकर्मियों ने लिए स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**गोंदिया**-पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे व अपर पुलिस अधीक्षक गोंदिया (कैम्प देवरी) अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में गोंदिया जिला पुलिस दल व केटीएस अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में गोंदिया जिला पुलिस विभाग के पुलिस अधिकारी-अमलदार व कर्मचारियों के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व दवाई वितरण का आयोजन किया गया था. शिविर में केटीएस सामान्य अस्पताल गोंदिया की जिला सलाहकार डॉ. ज्योति राठोड, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमन वर्मा, सोशल वर्कर संध्या शंभरकर, डेंटल हाइजिनिस्ट यश जयस्वाल, डेंटल असिस्टंट विवेकानंद कोरे, स्टाफ नर्स लीला जंभरे व आशा खरवडे का गोंदिया जिला पुलिस दल की ओर से पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. शिविर में उपस्थित डॉक्टरों व टीम द्वारा कुल 91 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया. उसी प्रकार शिविर में रक्त जांच, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई. इस अवसर पर प्रभारी पुलिस उपअधीक्षक (मुख्या) रामदास शेवते, पुलिस निरीक्षक रामेश्वर पिपरेवार, पुलिस निरीक्षक नंदिनी चानपुरकर सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे. संचालन हवलदार राज वैद्य ने किया.

# अवैध शराब भट्टी नष्ट,एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**मोहाड़ी**-आंधलगांव पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल क्षेत्र में संचालित एक शराब भट्टी पर छापा मारकर लाखों रुपये का माल जब्त किया है. इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, आंधलगांव पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले तुमसर तहसील के गायमुख-आंबागढ़-रामपुर क्षेत्र के जंगल परिसर में अवैध रूप से शराब निर्माण किए जाने की गुप्त सूचना थाना प्रभारी नितीन राठौड़ को मिली थी. पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की. छापे के दौरान पुलिस ने आंबागढ़ खेत परिसर क्षेत्र में चल रही अवैध शराब भट्टी का भंडाफोड़ किया. मौके पर कमकासुर निवासी दिनेश रामदास मरकाम (35) अपने सहयोगियों के साथ शराब तैयार करते हुए पाया गया. पुलिस ने शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे उपकरण, 15 बैग सडवा महुआ तथा तैयार की गई लगभग 5 लीटर शराब सहित कुल 1 लाख 58 हजार रुपये मूल्य का माल जब्त किया. पुलिस ने आरोपी दिनेश मरकाम को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है. उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी नितिन राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस कर्मचारी जितेंद्र वैद्य, मंगेश गभने, पवन समरीत, दीपक हटवार, राजेंद्र पारधी एवं पौर्णिमा इडपाते ने की.

# साकोली में सजेगा जन्मदिन का जश्न
## नाना पटोले को मोतीचूर के लड्डुओं से तौलेंगे



**साकोली**-पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं साकोली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक नाना पटोले का जन्मदिन 5 जून को साकोली स्थित जनसंपर्क कार्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा. जन्मदिन समारोह को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है. भंडारा जिला छावा ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवा गायधने ने बताया कि वे अपने नेता नाना पटोले के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें 100 किलो मोतीचूर के लड्डुओं से तौलकर अपनी खुशी व्यक्त करेंगे. उन्होंने कहाँ कि वे हर वर्ष अपने नेता के जन्मदिन पर 100 किलो बूंदी अथवा मोतीचूर के लड्डुओं से तौलकर सम्मान प्रकट करते हैं. गायधने के अनुसार, नाना पटोले के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं. वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक भी अपने-अपने तरीके से जन्मदिन समारोह को उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं. जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है.

# लघु सिंचाई क्षेत्र की घटना, वन प्रेमियों ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग आम पेड़ में लगाई अज्ञात लोगों ने आग

**गोंदिया**-तिरोड़ा शहर के गिरजाबाई स्कूल के पास लघु सिंचाई विभाग के तालाब के किनारे करीब 50 वर्ष पुराने आम के पेड़ में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाकर नष्ट करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है. पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस पेड़ की हत्या केवल एक पेड़ की हानि नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाला मामला है, इसलिए पर्यावरणप्रेमी और नागरिक कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं. तिरोड़ा शहर के गिरजाबाई स्कूल के पास एक तालाब के किनारे खड़ा यह आम का पेड़ दशकों से क्षेत्र की जैव विविधता का एक अभिन्न अंग रहा है. गर्मी के साथ-साथ अन्य मौसमों में भी विभिन्न पक्षी इस पेड़ पर आराम करते थे. यह पेड़ तालाब से पानी पीने के लिए आने वाले पक्षियों के लिए एक प्राकृतिक आश्रय के रूप में काम करता था. लेकिन, कुछ असामाजिक तत्वों ने पेड़ के निचले हिस्से में आग लगा दी, जिससे यह पेड़ जलकर नष्ट हो गया. यह घटना लघु सिंचाई विभाग के अधिकार क्षेत्र में हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई या जांच नहीं की गई है. ऐसे में विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा है. नागरिकों का आरोप है कि सरकारी संपत्ति में पेड़ों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार यंत्रणा ने



इसकी अनदेखी की है. इस मामले की जांच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा?

## सरकारी परिसर में पेड़ सुरक्षित नहीं

कई पर्यावरणप्रेमियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब सरकार लगातार पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जैसे नारे दे रही है, तब यह घटना बताती है कि सरकारी परिसर में पेड़ सुरक्षित नहीं हैं. नागरिकों की मांग है कि दोषियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और तालाब क्षेत्र में नए पौधे लगाकर हरियाली की रक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाए.

# वार्षिक योजना के प्रस्ताव समय पर पेश करें, जिलाधीश गोंदावले के निर्देश

**गोंदिया**-जिले के सर्वांगीण विकास के काम करने के लिए जिला वार्षिक योजना से निधि उपलब्ध कराई जाती हैं.इसके लिए सभी विभाग की यंत्रणाएं तय समय में अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें, ऐसे निर्देश जिलाधीश डॉ. मंगेश गोंदावले ने जिलाधीश कार्यालय के सभागृह में जिला वार्षिक योजना 2026-27 इस आर्थिक वर्ष के लिए सर्वसाधारण, अनुसूचित जाति उप योजना, आदिवासी उप योजना व आदिवासी उप योजना क्षेत्रबाह्य अंतर्गत आयोजित जिला वार्षिक योजना की समीक्षा में दिए. इस बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रीतमसिंग कोडापे, प्रभारी जिला नियोजन अधिकारी रुपेशकुमार राऊत व सभी विभागों के अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे



## विविध विषयों पर चर्चा

बैठक में जिला वार्षिक योजना वर्ष 2026-27 सर्वसाधारण, अनुसूचित जाति उपयोजना, आदिवासी उपयोजना, आदिवासी उपयोजना क्षेत्रबाह्य अंतर्गत प्रशासकीय मान्यता व निधि वितरण के लिए तांत्रिक मान्यता के साथ कामों के परिपूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करने, सन 2025-26 के वित्त वर्ष में मंजूर कामों का अहवाल प्रस्तुत करने, इस योजना के तहत मासिक प्रगति अहवाल प्रस्तुत करने और वित्तिय वर्ष 2025-26 में उपयोगिता प्रमाणपत्र व काम पूरा होने का दाखिला प्रस्तुत करने. वर्ष 2025-26 में मंजूर कामों के लिए दायित्व निधि की मांग करने आदि विषयों पर चर्चा की गई. यह स्पष्ट किया गया कि इस वर्ष के सभी प्रस्ताव ड्रुथ नंबर जेनरेट करके जिला नियोजन समिति को प्रस्तुत किए जाएं. पिछले साल के खर्च के मामले में, अनुपालन अहवाल की रिपोर्ट की एक कॉपी जल्द से जल्द नियोजन विभाग को भेजी जाए. नए कामों के प्रस्ताव प्रशाकीय मंजूरी के लिए प्रस्तुत करते समय सविस्तार बजट, तांत्रिक मंजूरी आदेश, संबंधित योजना में शामिल होने का प्रमाणपत्र, दुरुस्ती के कामों के लिए जरूरी प्रमाणपत्र अनिवार्य होंगे. बैठक का संचालन प्रभारी जिला नियोजन अधिकारी रूपेश कुमार राउत ने किया.

## 324 करोड़ का प्रावधान

गोंदावले ने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए जिला वार्षिक योजना का वित्तिय प्रावधान 324 करोड़ है. यंत्रणाएं अपने प्रस्ताव 30 जून 2026 तक प्रस्तुत करें. जबकि स्थानीय स्वराज्य संस्थाएं अगस्त 2026 तक अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें. मुलभूत विकास के कामों का सही नियोजन, काम में तालमेल, सभी हिस्सों का समांतर विकास और अनावश्यक खर्चों में बचत हो इसके लिए यंत्रणाएं मुलभूत काम करते समय ड्रुथ नंबर जेनरेट करना जरूरी है. किसी भी खरीदी पर निधि की 10 प्रश की लिमिट है, इसलिए यंत्रणाओं को इस बात का ध्यान रखना होगा. सभी यंत्रणाओं ने कर्मयोगी (द्वतश्रह) कोर्स करना जरूरी है, इसलिए उन्हें अगले आठ दिनों में कोर्स पूरा कर लेना होगा. जिला नियोजन समिति से निधि की मांग करते समय नए प्रस्ताव जमा करने से पहले यंत्रणाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि पिछले साल का काम अब पूरा हो गया है.

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मनायी अहिल्यादेवी होलकर की जयंती

**गोंदिया**-सामान्य प्रशासन विभाग महाराष्ट्र शासन के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अहिल्यादेवी होलकर की जयंती 31 मई को मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी पुलिस उपअधीक्षक (मुख्या.) रामदास शेवते के हस्ते अहिल्यादेवी होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कर्मचारी पल्लवी वैभव गजभिये ने अहिल्यादेवी होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रभारी पुलिस उपअधीक्षक (मुख्या.) रामदास शेवते सहित समस्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



# पाइप समेत मोटर पंप बोरवेल में गिरी सोलर कृषि पंप जलकर खाक

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के बोडगांवदेवी क्षेत्र के खेत में मक्के के अवशेष जलाने के लिए लगाई गई आग के कारण एक किसान का सौर कृषि पंप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस घटना में सोलर पंप के बिजली तार पुरी तरह जलकर खाक हो गए. साथ ही पानी का पाइप जलने से पाइप सहित मोटर सीधे बोरवेल में गिर गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ. प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोडगांवदेवी के किसान सुनंदा गजानन बोरकर के खेत के पास किसी अज्ञात किसान ने मक्के के अवशेष को जलाने के लिए आग लगा दी थी. आग तेजी से फैलने के कारण इसकी लपटें बोरकर के खेत में लगे सोलर कृषि पंप तक पहुंच गई. आग की तीव्रता के कारण सोलर पंप के बिजली के तार, वायरिंग व अन्य सामग्री जल गई. साथ ही



पानी का पाइप पूरी तरह जल जाने से उसमें लगी मोटर भी बोरवेल में गिर गई. इस घटना से खेत की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई है और खड़ी फसल को पानी देने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है. संबंधित किसान आर्थिक संकट में है, क्योंकि सोलर पंप की मरम्मत और बोरवेल में पड़ी मोटर को निकालने में काफी खर्च आएगा. घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के किसान व नागरिक मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया. पीड़ित किसान ने नुकसान की भरपाई की मांग की है.

# समस्या का समाधान करें : सांसद प्रफुल पटेल



**गोंदिया**-भंडारा और गोंदिया जिलों के दो दिन के दौरे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल पटेल ने गोंदिया में अपने निवास पर जिले के लोगों के साथ-साथ पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में जाना. पटेल ने एक जनप्रतिनिधि के तौर पर लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना अपना कर्तव्य समझते हुए, संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए जरूरी निर्देश दिए. पूर्व विधायक राजेंद्र जैन और वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे.

# यात्री, छात्र, आम नागरिक हो रहे परेशान, देवलगांव रेलवे स्टेशन पर रोष गोंदिया-बल्लारशाह मार्ग पर ट्रेनों की लेटलतीफी

**नवेगांवबांध**-गोंदिया-बल्लारशाह और बल्लारशाह-चांदाफोर्ट गोंदिया रेलवे मार्ग पर यात्री और डेमो ट्रेन पिछले महीने से लगातार पांच से छह घंटे की देरी से चल रही है. इससे यात्रियों, छात्रों, मजदूरों और कामकाजी नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. शाम और रात के डेमो के गोंदिया आने में देरी के कारण यात्री देवलगांव रेलवे स्टेशन पर अपना रोष जाहिर कर रहे हैं. इससे छात्र-छात्राओं व महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में विश्वविद्यालय की डिग्री और स्नातकोत्तर परीक्षाएं चल रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के कई छात्र रेलवे द्वारा अर्जुनी मोरगांव, वडसा, ब्रह्मपुरी स्थित परीक्षा केंद्र तक आते-जाते हैं. लेकिन, रेलवे की लगातार देरी के कारण छात्रों के लिए परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचना मुश्किल हो रहा है. कुछ छात्रों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ता है और मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है. गोंदिया प्रशासनिक केंद्र है, इसलिए नागरिकों को विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए प्रतिदिन जिला स्थान पर जाना पड़ता है. लेकिन ट्रेनों के हो रहे लेटलतीफी से जिले के लोगों को इससे सफर करने में सोचना पड़ रहा है वहीं लोगों



पास की दूरी में सफर करने के लिए अपने घरेलू या बस का सहारा ले रहे है. लेकिन यह एक विकल्प है. परेशानी का समाधान नहीं. प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है.

## स्वास्थ्य, शिक्षा व प्रशासनिक कार्य बाधित

ट्रेनें समय पर नहीं चलने के कारण नागरिकों के राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य प्रशासनिक कार्य रुक रहे हैं. इससे आम नागरिक कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं.

देवलगांव रेलवे स्टेशन से निकलने वाली महिलाओं, विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और मजदूर वर्ग के लोगों को भी देर रात तक इंतजार करना पड़ता है. इससे सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न हो गई है. भीषण गर्मी में यात्रियों को स्टेशन पर पर्याप्त सुविधाओं की कमी महसूस हो रही है.यात्रियों और नागरिकों की मांग है कि रेल प्रशासन गोंदिया-बल्लारशाह डेमो ट्रेन का समय नियमित रखे और यात्रियों की परेशानी दूर करे.

## शाम की ट्रेनें भी देरी, रेलवे प्रशासन इस ओर ध्यान दें

बल्लारशाह और गोंदिया मार्ग पर ट्रेनें चार से पांच घंटे देरी से चलती है. इससे हमारी शिक्षा का नुकसान हो रहा है. गोंदिया जाने वाली शाम की ट्रेनें भी देरी से चलती हैं, जिससे नवेगांवबांध से गांव जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है. इस समय विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चल रही हैं. लेकिन ट्रेन अर्जुनी मोरगांव समय पर नहीं पहुंच पाती. रेलवे प्रशासन इस ओर ध्यान दें.

- पौर्णिमा शिवणकर, छात्रा, सावरटोला

## मालगाड़ी, एक्सप्रेस को मिल रहा पहले सिग्नल

गोंदिया-बल्लारशाह मार्ग पर प्रतिदिन 4 ट्रेनें चलती हैं. इसके अलावा बल्लारशाह से गोंदिया तक 4 ट्रेनें चल रही हैं. लेकिन, इस मार्ग पर रोजाना सबसे पहले मालगाड़ियों को छोड़ा जाता है. साथ ही सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेनों को भी पहले छोड़ा जाता हैं. इसके चलते पैसेंजर और डेमो ट्रेनें देरी से रवाना होती हैं. इससे यात्रा करने में काफी असुविधा हो रही है. यात्रियों की मांग है कि रेलवे विभाग इसका तत्काल समाधान निकाले.

# ट्रेन से सिलेंडर ले जाते आरोपी गिरफ्तार बोरी में छिपाकर ले जाने का प्रयास

**गोंदिया**-ऑपरेशन संरक्षा के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने कार्रवाई करते हुए ट्रेन के माध्यम से गैस सिलेंडर का अवैध परिवहन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के चेतन दिलीपराव जिचकार के मार्गदर्शन में आरपीएफ द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों व ट्रेनों में विशेष निगरानी व सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान में आरपीएफ की विशेष टीमें तथा राज्य एजेंसियां भी सहयोग कर रही हैं. इसी के तहत 1 जून को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोंदिया व मंडल टास्क टीम द्वारा गोंदिया रेलवे स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया. जांच के दौरान प्लेटफॉर्म क्र. 4 पर एक व्यक्ति को बोरी में छिपाकर गैस सिलेंडर ले जाते हुए पकड़ा गया. आरोपी का नाम सिरपुर-बनाथर, थाना रावणवाड़ी, जिला गोंदिया निवासी दिनेश रतनसिंह नैकावे है. पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह गोंदिया से नागपुर



जाने के लिए सामान्य टिकट लेकर आया था तथा नागपुर में मजदूरी का कार्य करता है. उसने घरेलू उपयोग के लिए इंडियन कंपनी का गैस सिलेंडर अपने गांव से नागपुर ट्रेन द्वारा ले जाने का प्रयास किया था. अपराध के संबंध में जानकारी दिए जाने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया. इसके पश्चात रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया.

# किसान साखरे ने की मुआवजे की मांग तूफान में टूटे सोलर पैनल

**गोंदिया**-गोरेगांव तहसील के बोटे में आई आंधी-तूफान से किसान भीमराव येदू साखरे के खेत में लगे सौलर पैनल उड़ गए, और कई पैनल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं. जिससे उन्हें काफी भीमराव नुकसान हुआ है. साखरे ने अपने खेत में सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा पर आधारित प्रणाली स्थापित की थी. इस सोलर पैनल के माध्यम से खेतों में फसलों को नियमित पानी की आपूर्ति की जाती थी. लेकिन, अचानक आए तूफान ने पूरी व्यवस्था को नष्ट कर दिया. कुछ पैनल टूटकर जमीन पर गिर गए, जबकि कुछ दूर जा गिरे. इससे सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है और किसान को आर्थिक क्षति हुई है. वर्तमान में इस खेत में मिर्च सहित अन्य नकदी फसलों की खेती की जाती है. गर्मी के मौसम में फसलों को समय पर पानी देना बहुत जरूरी है. लेकिन, सोलर पैनल के खराब होने से सिंचाई में बाधाएं पैदा हो गई हैं और फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने का डर है. प्रकृति के लगातार बदलते मिजाज से किसान पहले से ही संकट में हैं. बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, अतिवृष्टि और अब तूफानी हवाएं खेती को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं.

## कृषि विभाग पंचनामा करें

भीमराव साखरे जैसे किसानों को दोहरे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. सोलर पैनल की मरम्मत में भारी लागत आने की उम्मीद है और किसान के लिए इसका भुगतान करना मुश्किल है. क्षेत्र के किसान व ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के साथ-साथ कृषि विभाग भी तुरंत पंचनामा जारी करें और प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करें. उम्मीद है कि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा मिलने से किसान को उबरने में मदद मिलेगी.



# पत्नी की शिकायत से भड़का नाराज पति डॉक्टर से गालीगलौज कर रिकार्ड फाड़ने की धमकी

**गोंदिया**-पत्नी की वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने से नाराज होकर युवक ने केंद्र में घुसकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी से गालीगलौज की और सरकारी रिकार्ड फाड़ने की धमकी दी. यह घटना डुग्गीपार थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव में घटित हुई. सड़क अर्जुनी निवासी फिर्यादी डॉ. परमानंद सदाशिव कठाने (39) सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं. वे पिछले पांच वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं और गर्भवती महिलाओं की संख्या कम होने के कारण उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ता जीजा विलास खोटेले की शिकायत वरिष्ठों से की है. इसी के चलते आरोपी विलास नामदेव खोटेले (45) को दोपहर करीब 1 बजे उपकेंद्र पर गया. उसने अपनी पत्नी जीजा खोटेले की शिकायत वरिष्ठों से क्यों की ऐसा कहते हु ए गालीगलौज की साथ ही सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की. इतना ही नहीं, उसने तु यहां कैसा डाक्टरगिरी करता है, तुझे यहां से



निकाल दूंगा, ऐसी धमकी देते हुए मारपीट की भी धमकी दी. इसके बाद सोमवार को सुबह करीब 9.30 बजे डॉ. कठाने उपकेंद्र जा रहे थे तब आरोपी ने उन्हें रोक लिया और तुमने मेरी पत्नी की शिकायत क्यों की. यह भी कहा कि तुमने मेरी पत्नी का हाथ पकड़कर उसके साथ दुर्व्यवहार किया ऐसे आरोप में फंसाने की धमकी दी.

# सौंदड़ ग्रामपचायत जन्म-मृत्यु सहायता योजना को मंजूरी; जनगणना में ओबीसी के अलग कॉलम मांग पर ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित सरपंच हर्ष मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई ग्रामसभा

**बुलंद गोंदिया। (सौंदड़)**- सड़क-अर्जुनी तहसील की ग्राम पंचायत सौंदड़ की ग्रामसभा गुरुदेव व्यायाम मंदिर परिसर में सरपंच हर्षविनोद मोदी की अध्यक्षता में एवं जनसहभागिता के वातावरण में संपन्न हुई। ग्रामसभा में गांव के विकास, सामाजिक हित तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से जन्म-मृत्यु सहायता योजना तथा ओबीसी समाज के लिए जनगणना में अलग कॉलम की मांग का मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। ग्रामसभा की शुरुआत पिछली ग्रामसभा की कार्यवाही पढ़कर उसे सर्वसम्मति से अनुमोदित करने के साथ हुई। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक आय-व्यय विवरण पर चर्चा कर उसे मंजूरी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को शासन की विभिन्न आवास योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना, शबरी आवास योजना, रमाई आवास योजना तथा यशवंतराव चव्हाण आवास योजना के संबंध में विस्तृत जनजागरण किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बाढ़ नियंत्रण, नालों की सफाई, आपदा प्रबंधन तथा आपातकालीन तैयारियों पर भी गंभीर चर्चा की गई। संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक तैयारी करने का निर्णय लिया गया। गांव के गट क्रमांक 1132, 1133, 1134 तथा 1188 में हुए अतिक्रमण के मुद्दे पर सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने पर सहमति बनी।



### ओबीसी जनगणना के मुद्दे पर ग्रामसभा का स्पष्ट रुख

ग्रामसभा में सबसे महत्वपूर्ण विषयों में से एक जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए अलग कॉलम का अभाव रहा। इस विषय पर ग्रामवासियों ने अपने विचार खुलकर व्यक्त किए। ग्रामसभा में मत व्यक्त किया गया कि ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सही आकलन करने के लिए जनगणना में अलग ओबीसी कॉलम होना आवश्यक है। इसके बाद ओबीसी समाज के लिए अलग कॉलम उपलब्ध होने तक जनगणना प्रक्रिया में भाग न लेने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस निर्णय को ओबीसी समाज के अधिकारों और प्रतिनिधित्व के प्रति ग्रामसभा की गंभीरता के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न शासकीय परिपत्रों, शासन निर्णयों और ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत किए गए अन्य विषयों पर भी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

### जन्म-मृत्यु सहायता योजना बनी ग्रामसभा का मुख्य आकर्षण

ग्रामसभा का सबसे सराहनीय और चर्चित निर्णय ग्राम निधि से संचालित की जाने वाली 'जन्म-मृत्यु सहायता योजना' को मंजूरी देना रहा। इस अभिनव योजना के तहत गांव के किसी भी परिवार में बच्चे का जन्म होने अथवा किसी सदस्य की मृत्यु होने पर संबंधित परिवार को आवेदन प्रस्तुत करने के चार दिनों के भीतर 4,900 की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

सरपंच हर्ष मोदी ने योजना की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम निधि का उपयोग सीधे ग्रामवासियों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस योजना को स्थायी स्वरूप देने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। भविष्य में कोई भी सरपंच या पदाधिकारी व्यक्तिगत निर्णय लेकर इस योजना को बंद नहीं कर सकेगा। योजना को समाप्त करने अथवा उसमें बदलाव करने के लिए ग्रामसभा की मंजूरी अनिवार्य होगी। इस संबंध में भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

ग्रामवासियों के सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए लिए गए निर्णयों, ओबीसी समाज के मुद्दे पर अपनाए गए स्पष्ट रुख तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता के कारण यह ग्रामसभा विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सरपंच हर्ष मोदी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत द्वारा लिए गए निर्णयों का ग्रामवासियों ने स्वागत किया और ग्रामसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने विकासोन्मुख कार्यशैली के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। गांव में इन निर्णयों को लेकर सकारात्मक वातावरण बना हुआ है तथा जन्म-मृत्यु सहायता योजना की विशेष रूप से सराहना की जा रही है।

# गोलू-संगीता ने शुरू की नई जिंदगी, पुलिस मुख्यालय में शादी आत्मसमर्पित माओवादी विवाह बंधन में बंधे



**गोंदिया**-जिले में हाल ही में 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और उन्हें गोंदिया के पुलिस मुख्यालय (कारंजा) में पुलिस कॉलोनी में रखा गया है. आत्मसमर्पित सदस्यों में से पांडु पुसु वड्डे उर्फ गोलू और सैवंती रायसिंग पंधरे उर्फ संगीता एक साथ शाश्वत जीवन के बंधन में बंध गए. पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने उनके विवाह समारोह को मंजूरी दी और पुलिस मुख्यालय में उनकी शादी कराई. कांकेर (छत्तीसगढ़) के तिरलागढ़, पखांजूर निवासी पांडू पुसू वड्डे (37) माओवादी संगठन में गोलू नाम से जाना जाता था. वह दर्रेकसा क्षेत्र में सीपीआई (माओवादी) संगठन में डिविजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) के पद पर कार्यरत था. बालाघाट (मध्यप्रदेश) के राशिमेटा, बैहर निवासी सैवंती रायसिंग पंधरे (36) माओवादी संगठन में संगीता नाम से जानी जाती थी. वह दर्रेकसा क्षेत्र कमेटी में क्षेत्र कमेटी सदस्य (एसीएम) के रुप में कार्यरत थी.

कई वर्षों तक हिंसा, संघर्ष और अनिश्चितता के माहौल में रहने के बाद, दोनों ने 28 नवंबर 2025 को गोंदिया पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करके मुख्यधारा में लौटने का साहसी निर्णय लिया. यह विवाह सिर्फ दो व्यक्तियों का मिलन नहीं है बल्कि हिंसा पर शांति, भय पर विश्वास और निराशा पर आशा की विजय है. विवाह समारोह में परिवार, रिश्तेदार, स्थानीय नागरिक और पुलिस अधिकारी/अंमलदार शामिल हुए. सरकार के आत्मसमर्पण व पुनर्वसन योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों के आधार कार्ड, इलेक्शन कार्ड, बैंक खाता व अन्य कई आवश्यक दस्तावेज तैयार करना, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके पुनर्वास से संबंधित अन्य कार्रवाई कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने की प्रक्रिया चल रही है.

### आवश्यक समन्वय और सहयोग प्रदान

विवाह समारोह पुलिस मुख्यालय के प्रेरणा सभागृह में शांतिपूर्ण माहौल और बिना किसी अप्रिय घटना के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. प्रभारी पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, पुलिस निरीक्षक नक्सल सेल प्रमोद भातनाते, रिजर्व पुलिस निरीक्षक राजेश सरोदे, पुलिस उपनिरीक्षक नक्सल सेल श्रीकांत हत्तीमारे, नक्सल ऑपरेशन सेल देवरी के मल्लिकार्जुन वासुदेव, साथ ही नक्सल सेल गोंदिया, इंटर सेल देवरी, सी-60 स्क्वाड और पुलिस मुख्यालय गोंदिया के पुलिस स्टाफ ने आवश्यक समन्वय और सहयोग प्रदान किया.

### प्रशासन के लगातार प्रयासों का परिणाम

पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे की संकल्पना व प्रभारी पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के मार्गदर्शन में परिवर्तन और नई जीवन यात्रा का प्रतीक एक हृदयस्पर्शी और प्रेरक विवाह समारोह आयोजित किया गया. यह संबंध सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पुलिस विभाग व जिला प्रशासन के लगातार प्रयासों का परिणाम है. यह एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि अगर समाज द्वारा सही अवसर, मार्गदर्शन और स्वीकृति दी जाए तो हिंसक विचारधाराओं से प्रभावित लोग भी शांति का मार्ग अपना सकते हैं और समाज के जिम्मेदार सदस्य बन सकते हैं.

# 2 बाल विवाह रोकने में प्रशासन को कामयाबी

**गोंदिया**-डुग्गीपार पुलिस से जिला प्रशासन को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर जिलाधीश डा. मंगेश गोंदावले, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, जिला महिला व बाल विकास अधिकारी तुषार पौनीकर के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई किए जाने के कारण सड़क अर्जुनी तहसील के ग्राम बोपाबोड़ी में 29 मई को नियोजित दो बाल विवाह को रोकने में प्रशासन को सफलता मिली. सूचना मिलने के बाद जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबाड़े, इंडियन सोशल वेलफेयर सोसायटी के जिला समन्वयक ज्ञानेश्वर पटले, दामिनी पथक व डुग्गीपार पुलिस की संयुक्त टीम बोपाबोड़ी पहुंची. ग्राम सेवक, सरपंच से नाबालिग बच्चों की उम्र से संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए. प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर दोनों बच्चों की उम्र विवाह के लिए नियमानुसार आवश्यक आयु से कम पाई गई. दोनों परिवारों से बेटी और बेटे की निर्धारित उम्र के पहले विवाह नहीं करने का गारंटी पत्र



लिखाया गया.

# डकैती डालने का असफल प्रयास करने वाले 10 आरोपी गिरफ्तार



**देवरी**-23 मई की रात को चिचगढ़ रोड स्थित जिप सदस्य ऊषा शहारे के घर सशस्त्र डकैती डालने का असफल प्रयास करने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है.

फिर्यादी द्वारा घर में डकैती की कोशिश की शिकायत देवरी थाने में दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी. तकनीकी जानकारी के विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने भंडारा जिले के पवनी निवासी सौरभचिंतामन तलमले (27), यादव रामचंद्र तलमले (19), नितिन शेखर वालदेकर (21), शुभम ज्ञानेश्वर तेलमसारे (23), गढ़चिरोली जिले के कुरखेड़ा निवासी विलास प्रल्हाद रामटेके (52),नागपुर के लावा निवासी मुरलीधर काशीराम बडगे (46), बोपुताईनगर निवासी दिनदयाल अन्थोनी बेन्जामिन (40), गंगाबाई घाट, नागपुर निवासी राधेश्याम शिवदास खोब्रागड़े (33), पांचपावली निवासी सौनव सुदेश मासुरकर (30), मानेवाडा निवासी अजय राजेंद्र बागडे (35) को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 15 लाख रु. मूल्य के 3 वाहन भी जब्त किए गए है. देवरी पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर 3 जून को न्यायालय में पेश किया. जहां से उन्हें 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.

# ट्रेन में गांजा तस्कर पकड़ाया



**गोंदिया**-दपूमरे नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन नाव नार्कोस के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है. इस अभियान के तहत आरपीएफ ने ट्रेन क्र.12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 लाख रु. से अधिक मूल्य का गांजा बरामद किया है. मंडल सुरक्षा आयुक्त चेतन दिलीपराव जिचकार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आरपीएफ नागपुर द्वारा राज्य पुलिस तथा अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर रेल मार्ग से होने वाली प्रतिबंधित मादक पदार्थों, शराब व तंबाकू उत्पादों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में 2 जून को आमगांव स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक राजेश कुमार को ट्रेन क्र. 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस के प्लेटफार्म क्र. 03 पर आगमन के दौरान जनरल कोच से एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में उतरकर प्लास्टिक का झोला लेकर जाते हुए दिखाई दिया. संदेह होने पर उसे रोककर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना नाम शीतल चीनधालोर, निवासी धानोली, थाना आमगांव, जिला गोंदिया बताया. तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले से गांजा जैसी गंध वाले दो पैकेट बरामद हुए. तत्पश्चात इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 2.090 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 1,04,500 रु. है, बरामद किया गया. सभी आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत आरोपी को जब्त मादक पदार्थ के साथ आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी गोंदिया के सुपुर्द कर दिया गया. जीआरपी गोंदिया द्वारा आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है.

# ट्रक में लगी आग



**सड़क अर्जुनी**-नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय महामार्ग क्र. 53 पर स्थित शशिकरण मंदिर फ्लाईओवर के पास रविवार की रात करीब 2 बजे रायपुर से नागपुर की ओर जा रहे ट्रक में अचानक आग लग गई. हालांकि इस घटना कोई जनहानी नहीं हुई है. लेकिन ट्रक का काफी नुकसान हुआ है. जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग निवासी ट्रक चालक तोशकलाल राजाराम शाहू (42) ट्रक क्र. एमएच 40 सीएम 4099 रायपुर से नागपुर ले जा रहा था. इसी बीच शशिकरण मंदिर के प्लाईओवर के पास ट्रक में अचानक आग लग गई. घटना की जानकारी मिलते ही महामार्ग पुलिस केंद्र डोंगरगांव की टीम घटना स्थल पर पहुंची. साथ ही नगर पंचायत सड़क अर्जुनी के अग्निशमन दल को भी बुलाया गया और कुछ ही देर में अग्निशमन दल ने आग पर काबू पा लिया. इस घटना में कोई जनकानी नहीं हुई है. आग किस कारण लगी इसका पता नहीं चल सका. स्थल पर निरीक्षक राजू बस्तावडे उपस्थित थे.

# 7 दिन में समाधान करें अन्यथा भूख हड़ताल, ग्रापं को सौंपा ज्ञापन जमाकुड़ो में गहराया पेयजल संकट



**सालेकसा**-तहसील अंतर्गत ग्राम जमाकुड़ो के वार्ड क्र. 2 में पेयजल संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है. पानी की समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अमित वैद्य व वार्ड के अनेक नागरिकों ने ग्रापं जमाकुड़ो में पहुंचकर ग्रापं अधिकारी रोहणी ऊके तथा उपसरपंच चुन्नीलाल राऊत को लिखित ज्ञापन सौंपा है. नागरिकों ने बताया कि वार्ड क्र. 2 में पिछले कई दिनों से पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है. स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है. भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या ने ग्रामीणों का जीवन प्रभावित कर दिया है. महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ज्ञापन के माध्यम से ग्रापं प्रशासन से मांग की गई है कि वार्ड में पेयजल संकट का तत्काल निराकरण किया जाए तथा नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए. ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समस्या की जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है.

### ग्रापं कार्यालय के सामने करेंगे हड़ताल-अमित वैद्य

अमित वैद्य ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे तथा नागरिक ग्रापं कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठेंगे. इसके लिए संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन व ग्रापं की होगी. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बढ़ते जल संकट को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े.

# विधवा महिलाओं को अनुदान की प्रतीक्षा 1.5 साल से काट रहीं दफ्तर के चक्कर



**गोदिया**-राष्ट्रीय परिवार लाभयोजना के तहत एक बार के लिए विधवाओं को 20 हजार रु. का अनुदान दिया जाता है. लेकिन पिछले डेढ़ वर्षों से अनेक लाभार्थी महिलाओं के खातों में अनुदान की राशि जमा नहीं की गई है. बताया गया है कि गोरेगांव तहसील की ऐसी 78 लाभार्थी महिलाएं हैं, जिन्हें अनुदान के लिए पिछले डेढ़ वर्षों से इंतजार करना पड़ रहा है. संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करना पड़ता है. जिसके बाद पात्र लाभार्थियों के खातों में अनुदान जमा किया जाता है, लेकिन पिछले डेढ़ वर्षों से गोरेगांव तहसील की 78 लाभार्थी महिलाओं को अनुदान का लाभ नहीं मिल पाया है. जबकि सभी महिलाएं लाभार्थी होकर उनके आवेदनों को मंजूर किया गया है. तहसील प्रशासन के अनुसार सभी के आवेदन मंजूर हैं, लेकिन फिलहाल निधि नहीं मिलने के कारण उनके खातों में अनुदान जमा नहीं किया गया है. बताया गया कि निधि प्राप्त होते ही अनुदान की राशि मिल जाएगी.

# मुख्याध्यापिका का 33 वर्षों का सफर



**गोंदिया**-श्री मारवाड़ी युवक मंडल द्वारा संचालित श्री राजस्थान कन्या विद्यालय की मुख्याध्यापिका निर्मला घनश्यामदास पुरोहित के सम्मान में उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर एक सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल व कार्यकारिणी मंडल द्वारा उनके 33 वर्षों के उत्कृष्ट व समर्पित शैक्षणिक योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण कर उनका स्वागत व सत्कार किया गया. निर्मला पुरोहित के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की गई तथा उनके कार्यकाल के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय की प्रगति में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनकी कार्यनिष्ठा, अनुशासनप्रियता व स्नेहपूर्ण व्यवहार ने उन्हें विद्यालय परिवार में एक विशिष्ट पहचान दिलाई.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।